फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री मनोज पालीवाल एडवोकेट, सुखाड़िया नगर, चिन्ताहरण महादेव मन्दिर के पीछे, नाथद्वारा

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा जिला राजसमन्द

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 24/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 26.06.2023 पत्रावली पेश हुई । अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा जिला राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा से जरिये पत्रांक क्रमांक सू.अ./2023/539–540 दिनांक 25.04.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील के प्रार्थना पत्र में चाही गई वांछित सूचना जरिये पत्रांक क्रमांक सू.अ./2023/539–540 दिनांक 25.04.2023 को उपलब्ध करा दी गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देलवाड़ा को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)